प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के सभी मैडिकल कॉलेजों कें लिए सीनियर रेजिडेंटशिप पॉलिसी बनाएगी। इस पॉलिसी के तहत सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के पदों का युक्तिकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में स्वास्थ्य शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सीनियर रेजिडेंटशिप में जीडीओ डॉक्टरों का कोटा बढ़ाकर 66 प्रतिशत किया जाएगा। अभी इसका अनुपात जीडीओ व सीधी भर्ती द्वारा 50 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंबा–नाहन–हमीरपुर और नेरचौक मैडिकल कॉलेजों में नए विषयों में एम डी और एम.एस की पढ़ाई शुरू की जाएगी इससे स्वास्थ्य क्षेत्र में आधारभूत संरचना और सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि सभी मैडिकल कॉलेजों में उच्च तकनीकयुक्त स्टेट ऑफ द आर्ट आईसीयू स्थापित किए जाएंगे।

जी.राम जी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी–जी राम जी. योजना केवल रोजगार उपलब्ध करवाने तक सीमित नही है बल्कि इस योजना के माध्यम से रोजगार को ग्रामीण विकास से जोड़ा गया है। भाजपा अध्यक्ष ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जी राम जी योजना से साल में एक सौ 25 दिन रोजगार की गारंटी मिलेगी। इससे ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल जाएगी। उन्होंने जी राम जी योजना को ग्रामीण भारत के लिए नया युग और रोजगार को विकास से जोड़ने का ऐतिहासिक कदम करार दिया।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जी राम जी योजना से हिमाचल को सबसे अधिक फायदा होगा क्योंकि इस योजना में हिमालयी राज्यों को 90 अनुपात 10 की दर से फंडिंग मिलेगी। उन्होंने ये भी कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में मनरेगा के तहत प्रदेश में 32 लाख 60 हजार रोजगार कार्य दिवस सृजित किए गए जबकि यूपीए सरकार के कार्यकाल में महज 16 लाख 52 हजार रोजगार कार्यदिवसों का ही सृजन हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए इस योजना का विरोध कर रही है। इस मौके पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज और मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा व रमा ठाकुर भी मौजूद रहे।

भेंट

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने कहा है कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति से जुड़े हुए हैं। प्रोफैसर धूमल आज हमीरपुर के समीरपुर में अपने निवास स्थान पर उनसे मिलने आए हिमाचल प्रदेश कबड्डी संघ के पदाधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही मार्गदर्शन, संसाधन और मंच उपलब्ध कराने की है।

सैट

राजपूत सभा हमीरपुर ने राज्य लोकसेवा आयोग द्वारा स्टेट एलिजिबिलिटी टैस्ट के लिए जारी की गई अधिसूचना का कड़ा विरोध किया है। महासभा के महासचिव जोगिंदर ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से इस मामले में तुरंत हस्ताक्षेप करने और आयोग को इस अधिसूचना को वापस लेने के आदेश जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में आवेदन फीस की राशि में जातियों के आधार पर असमानता रखी गई है जो सही नहीं है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है। पिछले कल राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हुई हल्की बर्फबारी के बाद प्रदेश में ठंड का प्रकोप और बढ़ गया है। आज प्रदेश के 15 प्रमुख स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया है। ताबो आज प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान माईनस 9 दशमलव चार डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के निचले जिलों ऊना, बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन व सिरमौर के कई क्षेत्रों में लोगों को सुबह—शाम घने कोहरे का सामना करना पड़ रहा है।